**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Need to provide 27 percent reservation to OBC in local body elections and also enhance the limit of creamy layer for OBCs-laid.

**श्री बालूभाऊ उर्फ सुरेश नारायण धानोरकर (चन्द्रपुर):** मैं सदन का ध्यान अन्य पिछड़े वर्ग से सम्बन्धित एक महत्त्वपूर्ण मुद्दे की और आकर्षित करना चाहता हूँ । मंडल आयोग की रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया था कि अन्य पिछड़ी जातियों (अन्य पिछड़ा वर्ग) जिसकी आबादी 50 प्रतिशत से अधिक है, को शैक्षिक प्रवेश और सार्वजनिक क्षेत्र की नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है । मेरी मांग है, कि केन्द्र सरकार देश भर में होने वाले सभी स्थानीय निकाय चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए सीटों के 27 प्रतिशत आरक्षण को लागू करने के लिए एक कानून लाए ।

ओबीसी के लिए मौजूदा क्रीमी लेयर परिभाषा 8 लाख रुपये सालाना पारिवारिक आय तय है, लेकिन यह बहुत कम है । मैं मांग करता हूं कि समुदाय के पिछड़ेपन को ध्यान में रखते हुए उचित प्रतिनिधित्व के लिए क्रीमी लेयर आय स्तर को बढ़ाकर कम से कम 12 लाख रुपये सालाना किया जाना चाहिए । मेरी तीसरी मांग यह है कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय के कल्याण के लिए उचित न्याय किया जाए और उनकी शिकायतों और चिंताओं का समुचित समाधान किया जाए, केन्द्र सरकार के अधीन अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण के लिए एक अलग मंत्रालय स्थापित किया जाना चाहिए । ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर पड़े ओबीसी समुदायों के लिए उचित कल्याण और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए मैं सरकार से इन अनुरोधों को लागू करने की अपील करता हूं ।